Title: Need to provide proper civic amenities to the people of Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : सभापति महोदय, दिल्ली में बिजली और पानी की समस्या बहुत गंभीर रूप धारण किये हुए है। दिल्ली की कांग्रेस सरकार ने बिजली का निजीकरण टाटा रिलायंस कम्पनियों को कर दिया है। यहां बिजली 18-20 घंटे तक आती ही नहीं है। बिजली की दरें बढ़ा दी गयी हैं। 93 करोड़ रुपये का बोझ लाद दिया है। यहां पीने का पानी नहीं है। नदी-नालों की सफाई नहीं होती।

ढाई सौ नालों की सफाई नहीं हुई। 20 करोड़ रुपये का भुगतान कागजों में कर दिया गया है। लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि इस सारे केस की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। पीने के पानी की व्यवस्था और बिजली की व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : If each hon. Member speaks for one minute, I will give chance to everybody.